20658
24-3-22

सेवा में,

AA. DGM System
25/3/22

अपीलीय अधिकारी / अपर मुख्य महाप्रबंधक अधिकारी (सिस्टम)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

विषय :- RTI Act के तहत मांगी सूचना न दिये जाने पर अपील आवेदन।

महोदय,
प्रार्थी द्वारा जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत दिनांक - 17/01/22 को 25 बिन्दुओं की सूचना प्राप्त करने आवेदन किया था जन सूचना अधिकारी (सिस्टम) द्वारा सम्पूर्ण जानकारी न दिये व पत्रावली अवलोकन के दौरान चिन्हित प्रपत्रों को प्राप्त करने हेतु प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष दिनांक 28/02/2022 को अपील आवेदन किया RTI Act के तहत नियत समय में सुनवाई न किये जाने कारण आपके समक्ष अपील आवेदन कर रहे हैं।
आप से आग्रह है कि जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गयी सूचना व पत्रावली में मौजूद आवश्यक प्रपत्रों को उपलब्ध कराने का आदेश पारित करने का कष्ट करें।

सादर

DGM (system)
25/3/22

भवदीय
संजय
संजय राय
SD-83
सेक्टर 45
नोएडा - 201303
M. 9868735000

संलग्नक :-
पूर्व में प्राप्त पत्र व प्रथम अपीलीय अधिकारी को किये गये आवेदन की छाया प्रति (02)
दिनांक - 25/03/2022

सेवा में,

प्रथम अपीलीय अधिकारी (सिस्टम)

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

विषय: RTI Act के तहत मांगी गयी जानकारी पूर्ण न दिये जाने पर अपील आवेदन।

महोदय,

प्रार्थी द्वारा जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जन सूचना अधिकारी (सिस्टम) से 25 बिन्दुओं की सूचना प्राप्त करने हेतु दिनांक-17/01/22 को आवेदन किया था। जन सूचना अधिकारी द्वारा पत्र सं. 22/514 दिनांक-16/02/22 के द्वारा दिये गये सूचना में बिन्दु सं. 2, 3, 4, 12, 17, 18, 21 व 23 की सूचना आधी अधूरी व दिया लिया गया है। पूर्व में मांगी गयी सूचना RTI Act व प्राधिकरण-टेक महिन्द्रा के मध्य हुए अनुबंध पत्र में वर्णित है। प्राधिकरण से प्राप्त कार्य करा रही टेक महिन्द्रा से संबंधित सूचना बिन्दु सं. 17-18 को उपलब्ध कराना भी प्राधिकरण की जिम्मेदारी है। 11/01/22 को पत्रावली के कुछ प्रपत्र मांगा था जो अब तक प्रार्थी को उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अत: आप श्रीमान जी से आग्रह है कि प्रार्थी को अप्राप्त बिन्दुओं की सूचना तथा पत्रावली अवलोकन के दौरान चिन्हित प्रपत्रों को अविलंब उपलब्ध कराये जाने का आदेश पारित करें।

प्रार्थी

संजय

सादर

संजय राय

SD-03

सेक्टर 45

नोएडा-201303

9868733800

संलग्नक

1- जन सूचना अधिकारी द्वारा दिये गये पत्र की छाया प्रति

25/02/2022

25-2-22

# ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**प्लॉट न०.1, सैक्टर के०पी०–04, ग्रेटर नौएडा सिटी,**

**जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0।**

Website: www.greaternoidaauthority.in Email Id: authority@gnida.in

पत्रांक: ग्रे.नौ./सिस्टम/2022/514

दिनॉक: 16 फरवरी, 2022

सेवा मे,

**श्री संजय राय,**

**एस डी -83, सैक्टर-45**

**नौएडा, जिला– गौतमबुद्ध नगर।**

महोदय,

कृपया जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत दिनांक 18.01.2022 को प्राधिकरण में प्रस्तुत अपने आवेदन पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आपके द्वारा कुल 25 बिन्दुओं पर सूचना प्रदान किये जाने का अनुरोध प्राधिकरण से किया गया है। तत्क्रम में बिन्दुवार सूचना निम्नानुसार प्रेषित की जा रही है:-

| | |
|---|---|
| बिन्दु सं०-1 | ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण में ERP क्रियान्वित किये जाने का कार्य मै० टेक महिन्द्रा लि० द्वारा किया जा रहा है। |
| बिन्दु सं०-2–5 | मैसर्स यूपीडेस्को (उ.प्र. सरकार का उपक्रम) को ऑन-लाईन सेवा से सम्बन्धित आबंटित किए गए कार्यों की Work Order की प्रति सलंग्न है। |
| बिन्दु सं०-6 | मैसर्स यूपीडेस्को (उ.प्र. सरकार का उपक्रम) को कम्पयूटर हार्डवेयर आपूर्ति एवं आनलाईन सेवाओं के कार्य के लिए वर्तमान तक रु० 1,77,11,000.00 (Incl Taxes) का भुगतान प्राधिकरण द्वारा किया गया है। |
| बिन्दु सं०-7 | एन०आई०सी० (भारत सरकार की संस्था) प्राधिकरण की सम्पत्तियों को जी०आई०एस पोर्टल के निर्माण का कार्य कर रही है। |
| बिन्दु सं०-8 | एन०आई०सी० (भारत सरकार की संस्था) को प्राधिकरण द्वारा जारी कार्यदेश की प्रति सलंग्न कर प्रेषित की जा रही है। |
| बिन्दु सं०-9 | एन०आई०सी० (भारत सरकार की संस्था) को जी०आई०एस का कार्य के लिए प्राधिकरण द्वारा नवम्बर, 2020 तक 424.85 लाख का भुगतान किया गया है। |
| बिन्दु सं०- 10-11 | मैसर्स टैक महिन्द्रा लि० को अनुबन्ध की तिथि से 11 माह के अन्दर कार्य पूर्ण किया जाना था। |
| बिन्दु सं०-12 | प्राधिकरण में ई.आर.पी. स्थापित किए जाने का कार्य प्रगति पर है। |
| बिन्दु सं०-13 | मैसर्स टैक महिन्द्रा लि० को वर्तमान समय तक रू० 15.75 करोड़ (जी.एस.टी. अतिरिक्त) की धनराशि का भुगतान किया गया है। |
| बिन्दु सं०-14 | मै० टेक महिन्द्रा लि० को अन्तिम बार माह अक्टूबर-नवम्बर, 2020 में रू० 3,15,00,000/-(जी.एस.टी. अतिरिक्त) का भुगतान किया गया है। |
| बिन्दु सं०-15 | मैसर्स टैक महिन्द्रा लि० द्वारा निविदा में स्वयं प्रतिभाग किया गया है एवं किसी अन्य कम्पनी के साथ साझेदारी नहीं है। |
| बिन्दु सं०-16 | प्राधिकरण द्वारा मै० टेक महिन्द्रा लि० के नाम पर ही भुगतान किया जा रहा है। शेष सूचना तृतीय पक्ष से सम्बन्धित है। |
| बिन्दु सं०-17 | प्रश्नगत सूचना मैसर्स टैक महिन्द्रा लि० से सम्बन्धित है। |
| बिन्दु सं०-18 | प्रश्नगत सूचना मैसर्स टैक महिन्द्रा लि० से सम्बन्धित है। |

16/02/2022

| | |
|---|---|
| बिन्दु सं०-19-20 एवं 21 | मै० टेक महिन्द्रा लि० द्वारा प्राधिकरण के समस्त विभागों के लिए ई०आर०पी सिस्टम लागू किए जाने का कार्य किया जा रहा है। |
| बिन्दु सं०-22 | मैसर्स टैक महिन्द्रा लि० को प्रेषित किए गए नोटिसों की प्रतियॉं संलग्न हैं। |
| बिन्दु सं०-23 | अनुबन्ध की क्लॉज Schedule-V-Payment Schedule में भुगतान की जाने वाली धनराशि का विवरण उपलब्ध है। अनुबन्ध की प्रति भी संलग्न है। |
| बिन्दु सं०-24 | मैसर्स टैक महिन्द्रा लि० को वर्तमान समय तक रू० 15.75 करोड़ (जी.एस.टी. अतिरिक्त) की धनराशि का भुगतान किया गया है। |
| बिन्दु संख्या-25 | आप किसी भी कार्यदिवस में पत्रावली का अवलोकन कर सकते हैं। |

16/02/2022

**जन सूचना अधिकारी (सिस्टम)**
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**प्रतिलिपि** :–

1. नोडल अधिकारी आर०टी०आई, ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण को सूचनार्थ।
2. गार्ड फाईल।

**जन सूचना अधिकारी(सिस्टम)**
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण